# जनता से स्थापित करें प्रभावी संवाद

## भाजपा की क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव




**इंदौर, 10 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को इंदौर पहुंचे और भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला में शामिल हुए.**

उन्होंने मालवा-निमाड़ क्षेत्र से आए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने और प्रभावी संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष विमान से इंदौर पहुंचे. देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. इसके बाद मुख्यमंत्री सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां भाजपा द्वारा आयोजित क्षेत्रीय वक्ता कार्यशाला में उन्होंने भाग लिया. यह कार्यशाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित की गई थी.

### ममलेश्वर मंदिर में मुख्यमंत्री का जलाभिषेक

**ओंकारेश्वर.** दादा गुरुजी की चतुर्थ नर्मदा परिक्रमा यात्रा के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पहुंचे. उन्होंने ममलेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर नर्मदा जल से जलाभिषेक किया और प्रदेशवासियों की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की.





## मार्च में ही तपने लगा प्रदेश

### 39 डिग्री के करीब पहुंचा कई शहरों में पारा

**भोपाल, 10 मार्च. मध्य प्रदेश में मार्च की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं. दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण कई शहरों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है.**

प्रदेश के कई हिस्सों में पारा 38 से 39 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है. मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान और बढ़कर 40 डिग्री तक पहुंच सकता है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस साल मार्च में तापमान पिछले साल की तुलना में ज्यादा रिकॉर्ड किया जा रहा है. भोपाल, इंदौर और रीवा-शहडोल संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 1.9 से 2.7 डिग्री तक अधिक है. वहीं ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में तापमान 3.1 से 4.6 डिग्री तक ऊपर चल रहा है. प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्सों में दिन का तापमान 35 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा चुका है.

सोमवार को प्रदेश का सबसे गर्म जिला रतलाम रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके अलावा खजुराहो, धार, गुना, दमोह, सागर, श्योपुर और मंडला में तापमान 38 डिग्री या उससे ज्यादा रहा. बड़े शहरों में ग्वालियर और उज्जैन सबसे गर्म रहे, जहां पारा 37 डिग्री के पार पहुंच गया.

> भोपाल में 36.8 डिग्री, इंदौर में 36.4 डिग्री और जबलपुर में 36 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग के मुताबिक इन दिनों हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से बदलकर पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है. राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से आने वाली गर्म हवाओं और हवा में नमी कम होने के कारण प्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ रहा है. मौसम के इस उतार-चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है. डॉक्टरों के अनुसार दिन में तेज गर्मी और रात में हल्की ठंडक के कारण सर्दी-जुकाम, एलर्जी और अस्थमा के मरीज बढ़ रहे हैं. खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है.

## एक नजर में

### मां बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित

**आगर-मालवा.** जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सर्व सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि महापर्व 19 से 27 मार्च तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा. पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू दर्शन व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मंदिर में विशेष व्यवस्था लागू की गई है. मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं तहसीलदार नलखेड़ा द्वारा जारी आदेश के अनुसार नवरात्रि के पूरे समय मां बगलामुखी के गर्भगृह में प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा. इस अवधि में श्रद्धालु मां के दर्शन त्रिशूल मंडपम से कर सकेंगे.

### आतिशबाजी विवाद : बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे

**धार.** जिले की मनावर तहसील में भारत की टी-20 विश्व कप जीत के जश्न के दौरान हुई आतिशबाजी को लेकर उपजे विवाद में मंगलवार को नया मोड़ आ गया. विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मनावर थाने पहुंचे और पुलिस कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की. संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मामले में आरोपियों को जमानत मिल जाने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी है और उनके खिलाफ कड़ी धाराओं में कार्रवाई की जानी चाहिए. विभाग गोरक्षा प्रमुख बद्री चोयल ने बताया कि आठ मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए फाइनल मैच में जीत की खुशी में जिला गोरक्षा प्रमुख अमर सेन जूनी मनावर स्थित अपने घर के बाहर आतिशबाजी कर रहे थे.



### स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

**भोपाल.** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की जयंती पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया. इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की.

## आज ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का भव्य उद्घाटन

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव का बुंदेली परंपरा से होगा स्वागत

**भोपाल, 10 मार्च. बुधवार ज्ञानवीर विश्वविद्यालय एवं रोजगार मेले का भव्य उद्घाटन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सागर आ रहे हैं. साथ ही उपमुख्यमंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विशेष रूप से इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होंगें.**

कार्यक्रम के तैयारियों को लेकर खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों जनप्रतिनिधियों सहित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी. प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत सहित भाजपा के जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय एवं रोजगार मेले के उद्घाटन स्थल का निरीक्षण किया.



मुख्यमंत्री के आगमन की पूर्व संध्या पर खाद्य मंत्री राजपूत ने किया कार्यक्रम स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण

## पेज एक का शेष

### 8.80 लाख करोड़ की मंजूरी

अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिलने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी. इससे विदेशी पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को भी आकर्षित करने में मदद मिलेगी. नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बताया कि देश में फिलहाल 164 हवाई अड्डे संचालित हैं और सरकार का लक्ष्य 2047 तक करीब 350 हवाई अड्डे स्थापित करने का है. पिछले 10 वर्षों में हवाई अड्डों, यात्रियों और विमान बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे सरकार नागरिक उड्डयन क्षेत्र में किए गए सुधारों और उड़ान योजना का परिणाम मानती है. वहां से दुबई, अबु धाबी और कोलंबो के लिए उड़ानों का परिचालन भी होता है और बुनियादी ढांचा पूरी तरह से तैयार है. कई विमान सेवा कंपनियों ने वहां से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने में रुचि दिखायी है.

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के दिल्ली-फरीदाबाद-बल्लभगढ़-सोहना उपमार्ग से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक नई सड़क निर्माण परियोजना के संशोधित बजट को मंजूरी दे दी है. बैठक में 3630.77 करोड़ रुपये की परियोजना को स्वीकृति दी गई. 31.42 किमी लंबा यह कॉरिडोर दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ेगा.

## जंगल किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका, परिजनों का थाने का घेराव

नवभारत न्यूज

**रीवा 10 मार्च, जिले के डभौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डभौराङ्कहरदोली रोड के बीच जंगल किनारे सड़क पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।**

मृतक की पहचान प्रकाश तिवारी (30) निवासी ग्राम बौसड़, थाना डभौरा के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जानकारी के अनुसार प्रकाश तिवारी सोमवार को डभौरा बाजार जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह पुलिस ने सूचना दी कि डभौराङ्कहरदोली मार्ग के बीच जंगल में सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान प्रकाश तिवारी के रूप में की। सूचना मिलते ही डभौरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले एक मिस्त्री द्वारा उनके बेटे को धमकी दी गई थी।

परिजनों का आरोप है कि उसी विवाद के चलते प्रकाश की हत्या की गई है। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने डभौरा थाने का घेराव कर दिया और मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों के समझाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

घटना के बाद गांव और क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### थाने में व्यक्ति ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**शिवपुरी.** जिले के कोलारस थाना परिसर में आज एक व्यक्ति द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने का मामला सामने आया है. हालत बिगड़ने पर पुलिस ने उसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. पुलिस सूत्रों के अनुसार कोलारस निवासी कन्हैया आज थाना परिसर पहुंचा था. वह अपनी नाबालिग बेटी के इसी महीने एक युवक के साथ घर से चले जाने के मामले में पुलिस द्वारा युवक को बाद में छोड़ दिए जाने से नाराज था. सूत्रों ने बताया कि लड़की अपने एक रिश्तेदार के बेटे के साथ गई थी और कुछ दिनों बाद वापस आकर थाने पहुंची तथा पुलिस को पूरी जानकारी दी. इसके बाद संबंधित युवक भी थाने आ गया था.

## आखिर कब सुधरेगा ये सिस्टम

**सिरमौर 10 मार्च, रीवा जिले की सिरमौर जनपद पंचायत... कहने को तो ये जनता की सेवा के लिए है, लेकिन यहाँ की हकीकत सुनकर आप दंग रह जाएंगे। यहाँ नियम और कायदे दफ्तर की फाइलों में दबकर दम तो? रहे हैं।**

सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव का सख्त फरमान है कि सरकारी कर्मचारी सुबह 10 बजे अपनी कुर्सी पर तैनात मिलें। जनता के काम न रुकें, फाइलें न अटकें, लेकिन सिरमौर जनपद के अधिकारियों के कान पर जूँ तक नहीं रेंग रही। यहाँ की सरकार मुख्यमंत्री के आदेश से नहीं, बल्कि अपनी मनमर्जी से चलती है। जब हमारे वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र मिश्रा सुबह ठीक 10 बजे रियलिटी चेक करने सिरमौर जनपद कार्यालय पहुंचे, तो नजारा चौंकाने वाला था। 18 कर्मचारियों वाले इस दफ्तर में मात्र 2 कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मिले। बाकी 16 कर्मचारी? गायब! हैरानी तो तब हुई जब जनपद के मुखिया,



ष्टश्वह्र हरिश्चंद्र द्विवेदी भी अपनी कुर्सी से नदारद मिले। साहब का दफ्तर सूना प?ा था। जब वहां मौजूद भृत्य (चपरासी) से साहब की खैरियत पूछी गई, तो जवाब और भी मजेदार था। साहब कभी टाइम पर आते हैं, तो कभी क्षेत्र भ्रमण का बहाना बनाकर घंटों लेट! सवाल ये है कि क्या मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उ?ाना यहाँ का नया रिवाज बन चुका है? दूर-दराज के गांवों से अपना काम कराने आए ग्रामीण क्या इसी तरह अधिकारियों का इंतजार करते रहेंगे? आखिर इन लापरवाह अधिकारियों पर नकेल कब कसी जाएगी? सिरमौर से वीरेंद्र मिश्रा की रिपोर्ट के साथ, हम पूछ रहे हैं प्रशासन से... आखिर कब सुधरेगा ये सिस्टम?

## भाजपा की नीति से कॉर्पोरेट अस्पतालों को लाभ



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 मार्च. कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. विक्रम चौधरी ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ऐसी स्वास्थ्य नीति अपना रही है, जिससे बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों को फायदा पहुंच रहा है, जबकि छोटे और मझोले निजी अस्पतालों पर दबाव बढ़ रहा है.**

इस संवाददाता से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ही डॉक्टरों की कमी, अपर्याप्त ढांचे और सरकारी अस्पतालों में सीमित सुविधाओं के कारण संघर्ष कर रही है. डॉ. चौधरी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों के लिए पूर्ण NABH मान्यता अनिवार्य करने का निर्णय अव्यावहारिक है और इससे छोटे व मध्यम अस्पतालों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा.


### जाहिर सूचना

भूखंड एवं भवन क्रमांक-915, वार्ड क्रमांक 05, मिलन मैरिज गार्डन मैहर के पीछे, मैहर पर स्थित है बावत :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री ध्रुपद सिंह पिता बैद्यनाथ सिंह, पता मकान नंबर 89, ग्राम कटीगा, पोस्ट - देवरा क्रमांक 02,थाना व तहसील - रामपुर बघेलान, जिला- सतना मध्य प्रदेश से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का उपरोक्त वर्णित भूखंड एवं उस पर निर्मित दो मंजिला मकान क्रमांक 915 जो मिलन मैरिज गार्डन मैहर के पीछे निर्मित है, जिसके तल भूमि का कुल क्षेत्रफल 1760 वर्गफिट है को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की आंशिक धन राशि का भुगतान भी कर दिया है। यदि उक्त संपत्ति के विक्रय व्यवहार बावत किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो अथवा किसी का किसी भी प्रकार का अनुबंध, भार, बोझ व हित इत्यादि हो तो वह इस विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अन्दर में मेरे समक्ष मय प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद मेरे पक्षकार विक्रेता को पूर्ण प्रतिफल राशि अदा कर देवेंगे व भूखंड एवं उसपर निर्मित दो मंजिला भवन का विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेंगे एवं किसी की किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अभिभाषक
तेज भान सिंह, एडवोकेट
सिविल कोर्ट मैहर सतना (म.प्र.)
रजि.नं.1506/98


## पुलिस ने 698 मोबाइल फोन बरामद किए

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 मार्च. मध्य प्रदेश पुलिस ने विदिशा, बुरहानपुर और अनूपपुर जिलों में संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 698 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं. पुलिस अधिकारियों के अनुसार बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 1.68 करोड़ रुपये से अधिक है.**

इन मोबाइल फोन को तकनीकी निगरानी और सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (ष्टश्वढ्ढक्र) पोर्टल की सहायता से ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस किया गया.



विदिशा जिले में "मिशन मोबाइल रिकवरी" अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 603 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1.50 करोड़ रुपये है. इनमें से कई मोबाइल मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार से भी ट्रेस किए गए. बुरहानपुर जिले में साइबर सेल और थानों में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क की मदद से लगभग 13 लाख रुपये कीमत के 70 गुम स्मार्टफोन बरामद किए गए. इनमें से कुछ मोबाइल पड़ोसी जिलों और महाराष्ट्र से भी ट्रेस किए गए. वहीं अनूपपुर जिले में रामनगर और बिजुरी थाना क्षेत्रों से पुलिस टीमों ने करीब 4.32 लाख रुपये कीमत के 25 मोबाइल फोन बरामद किए. पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत थाने में सूचना दें और ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं,


### कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

क्रमांक-927/ई-टेंडर/विद्युत शाखा/न.पा.नि./2026 — रीवा, दिनांक 09.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_488612_1 09.03.2026 [FIRST CALL] 924/09.03.2026 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक-18 में शिल्पी प्लाजा ए-ब्लाक के पीछे डी.सी. फास्ट चार्जर हेतु एक नग 200 KVA ट्रांसफार्मर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (SITC) का कार्य। | 01 माह रु.07.84 लाख | रु.2000.00 रु.7840.00 | 24.03.2026 18.00 बजे तक। |
| 2. | 2026_UAD_488613_1 09.03.2026 [FIRST CALL] 925/09.03.2026 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में सूत्र सेवा बस डिपो में निर्मित दुकानों रु.07.05 लाख के विद्युतीकरण हेतु एक नग 200 KVA ट्रांसफार्मर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (SITC) का कार्य। | 01 माह रु.07.05 लाख | रु.2000.00 रु.7050.00 | 24.03.2026 18.00 बजे तक। |
| 3. | 2026_UAD_488614_1 09.03.2026 [FIRST CALL] 925/09.03.2026 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत गोल क्वार्टर साइट पर निर्मित / प्रस्तावित दुकानों एवं कार्यालय इकाइयों के विद्युतीकरण हेतु एक नग 200 KVA ट्रांसफार्मर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (SITC) का कार्य। | 01 माह रु.07.31 लाख | रु.2000.00 रु.7310.00 | 24.03.2026 18.00 बजे तक। |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (विद्युत)
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक - 1 रीवा

#### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 25 / ब.ले.लि. / निविदा / 2025-2026 — रीवा, दिनांक 25/02/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र - अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू. लाखमें) | 1- अमानत राशि 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1- निविदा आमंत्रण क्र. 2- कार्यावधि सहित / छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 485357 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सोनौरी बडोखर मार्ग लम्बाई 4.00 कि.मी. का कार्य | 152.33 | 1-152330.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 485358 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में रामनई से रीठी मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. का कार्य | 238.14 | 1-238140.00 2-15000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 485359 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में त्योंथर बडागांव से अमाव मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी. का कार्य. | 152.67 | 1- 152670.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 485360 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में रायपुर से बरहदी मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. का कार्य | 222.37 | 1-222370.00 2-15000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 485361 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में गुढ खैरा बंजारी मार्ग लम्बाई 5.00 कि.मी. का कार्य | 203.14 | 1-203140.00 2-15000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 485362 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में मनिकवार से रघुराजगढ मार्ग लम्बाई 4.70 कि.मी. का कार्य | 196.99 | 1- 196990.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | PWDRB 485363 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में पहरखा से बुसौल मार्ग लम्बाई 3.57 कि.मी. का कार्य. | 118.87 | 1-118870.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | PWDRB 485364 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में डिहिया से शुकुलगवां मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी. का कार्य . | 137.60 | 1- 137600.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | PWDRB 485365 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 सेवडहा बगीचा अजगरहा से हरिहरपुर मार्ग लम्बाई 3.18 कि.मी. का कार्य. | 127.93 | 1-127930.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 10 | PWDRB 485366 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 छोटी कचूर से बडी कचूर मार्ग लम्बाई 3.20 कि.मी. का कार्य | 119.68 | 1- 119680.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 11 | PWDRB 485367 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 बदरांव से डीही मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का कार्य | 121.00 | 1-121000.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 12 | PWDRB 485368 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में भखरवार से बहेरा मार्ग लम्बाई 4.40 कि.मी. का कार्य. | 183.05 | 1-.183050.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 13 | PWDRB 485369 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में लूक भनिगवां मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. का कार्य. | 126.23 | 1-126230.00 2-12500.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 14 | PWDRB 485370 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में रामनई से भलुहा मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का कार्य | 80.35 | 1-80350.00 2-10000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 15 | PWDRB 485371 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में बधवा से मदनुआ मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का कार्य. | 74.78 | 1-74780.00 2-10000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 16 | PWDRB 485372 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग मनगवां में पिपरवार से बुडगवां मार्ग लम्बाई 1.90 कि.मी. का कार्य. | 83.30 | 1-83300.00 2-10000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 17 | PWDRB 485373 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सोहागी त्योंथर पनवार डभौरा मार्ग लम्बाई 2.40 कि. मी. | 78.46 | 1-78460.00 2-10000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 18 | PWDRB 485374 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग क्रमांक-3 गंगहरा से डिहिया मार्ग लम्बाई 2.10 कि.मी. का कार्य . | 84.29 | 1-84290.00 2-10000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 19 | PWDRB 485375 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सरई सोहरवा मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का कार्य. | 77.42 | 1-77420.00 2-10000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| 20 | PWDRB 485376 | विशेष मजबूतीकरण के अन्तर्गत उपसंभाग त्योंथर में सोहागी आदिवासी बस्ती पहुँच मार्ग लम्बाई 2.00 कि. मी. का कार्य. | 83.69 | 1-83690.00 2-10000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- चार माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 2662.29 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट ) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 24/03/2026 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-27018/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग क्रमांक - 1 रीवा